# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका

## अगस्त 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# रोका छेका अभियान, नेशनल हाईवे एवं सड़क किनारे से पशुओ को दिनभर पकड़ती रही निगम की टीम

भिलाईनगर / रोका छेका अभियान के तहत पशुओ को पकड़ने आज दिनभर निगम की टीम शहर में अपने संसाधनों के साथ घुमती रही, जहां भी आवारा पशु नजर आये उन्हें काऊ केचर वाहन में डालकर सीधे गौठान में छोड़ दिया गया।आज मुख्य रूप से नेशनल हाईव को टारगेट किया गया था, नेहरू नगर चौक से लेकर डबरा पारा तक टीम पशुओ को पकड़ने का काम करती रही। चूंकि भिलाई क्षेत्र अंतर्गत फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा है जिसकी वजह से सड़क सकरी हो गई है, वहीं दिन रात हजारो वाहनो का इस मार्ग से गुजरना होता है, सड़को पर आवारा पशुओं के जमघट से दुर्घटना बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता, खासकर रात्रि में पशुओ के सड़को पर बैठे होने से और भी ज्यादा परेशानियां बढ़ जाती है, काले रंग के पशु तो आसानी से नजर भी नहीं आते है।निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रही है, एक काऊ केचर में 10 - 12 पशुओ को रखा जा सकता है जैसे ही यह पूरा हो जाता है इसे गौठान की ओर रवाना कर दिया जाता है जिसके बाद दूसरे काऊ केचर को इस्तेमाल किया जाता है, इस प्रकार से पशुओं को पकड़ने का कार्य निरंतर चलते रहता है, निगम ने महीने भर से आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चला रखा है।



# भिलाई निगम क्षेत्र में मितान योजना के तहत 421 हितग्राही हुए लाभान्वित, घर पहुंचाकर दिए गए आवश्यक सर्टिफिकेट,

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मितान योजना के तहत अब तक 421 प्रमाण पत्र हितग्राहियों को घर पहुंचाकर दिए जा चुके हैं। विभिन्न प्रकार की सेवाएं मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत आम नागरिकों को मिल रही है। कार्यालय के चक्कर काटने से मुक्ति भी मिल रही है, क्योंकि विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्राप्त करने के लिए केवल 14545 पर कॉल करना है इस टोल फ्री नंबर पर कॉल करते ही, आवश्यक प्रमाण पत्र बनकर घर में मिल जाता है। भिलाई निगम क्षेत्र के आम नागरिक इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क कर सकते हैं। नागरिकों को सेवाओं का लाभ उठाने के लिए मितान को केवल 50 रुपए एवं अन्य विभागीय शुल्क का भुगतान करना होगा। मितान की सेवा 26 जनवरी, 15 अगस्त और 2 अक्टूबर को छोड़कर सप्ताह के सभी दिनों में सुबह 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि नागरिक को आवेदन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक एस. एम. एस. अपडेट प्राप्त होगा। दीप्ति साहू ने बताया कि वेबसाइट के पोर्टल cgmitaan.in पर अपने आवेदन की स्थिति देख सकते हैं और ट्रैक कर सकते हैं मुख्यमंत्री मितान योजना के निगम में लागू होने से अब अनावश्यक चक्कर काटने से लोगो को मुक्ति मिल गई है।



नगर पालिक निगम भिलाई

# नियमित रूप से हो तालाब परिसर की सफाई, रामनगर तालाब के निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 प्रेम नगर के विभिन्न मोहल्ले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस्ती को साफ-सफाई और नाली सफाई की व्यवस्था देखी। चेता मैदान के पास कुछ लोगों के द्वारा रास्ते पर पेड़ की टहनियों को रख दिया गया था जिससे आवागमन अवरुद्ध हो रहा था, जिसे हटाने की समझाइश दी गई अन्यथा चालानी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। 18 नंबर सड़क का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने सड़क किनारे के बंद पड़े स्ट्रीट लाइट का संधारण करने के निर्देश दिए। वहीं बीएसपी क्वार्टर के बैक लाइन की सफाई के भी निर्देश आयुक्त ने दिए तथा सिवरेज चेंबर में संख्या के अनुसार ढक्कन लगाकर बंद करने कहा गया इस बाबत बीएसपी प्रबंधन को पत्र जारी करने आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।अधिकारी रोज सुबह निरीक्षण कर रहे हैं। निगमायुक्त ने आज वैशाली नगर क्षेत्र में सकरी गलियों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। एक दुकान पर पहुंच कर उन्होंने दुकान के सामने सफाई का अभाव पाया उन्होंने कहा कि अपने आसपास के स्थलों की सफाई रखें दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में डाल कर सफाई कर्मचारी को ही देवें इधर-उधर कचरा फैलाने पर जुर्माना वसूल किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं अंजनी सिंह आदि मौजूद रहे।



# स्वामी आत्मानंद स्कूल के निर्माण में लेटलतीफी, एजेंसी को जारी होगा नोटिस, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर 6 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में लेटलतीफी और सुस्त चाल के कारण निर्माण कार्य में देरी को लेकर आयुक्त ने एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं तथा शीघ्र कार्य पूर्ण करने अधिकारियों को कहा हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण की तीव्रता के साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। उन्होंने पूरे कैंपस का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया। वही खमरिया में लगभग 60 लाख की लागत से बाउंड्री वाल, प्रवेश द्वार, पार्किंग स्थल एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टाइम डेडलाइन के अनुरूप कार्य को पूर्ण कराएं, जोन आयुक्त एवं संबंधित अभियंता इसकी मॉनिटरिंग नियमित रूप से स्वयं करें। सिविक सेंटर में बन रहे पार्किंग स्थल का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया और कार्य में प्रगति के साथ ही गुणवक्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



# नेशनल हाईवे सहित अंदरुनी क्षेत्रों से भी पकड़े जा रहे आवारा पशु, टाउनशिप में भी चला पशुओं को पकड़ने का अभियान

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे से लेकर अंदरूनी क्षेत्रों में भी रोका छेका अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही लगातार जारी है। अब तक 395 नग आवारा पशुओं को 1.5 महीने में पकड़ा जा चुका है। ऐसे मवेशियों को पकड़कर कोसानगर गौठान में रखा जा रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर निगम की विशेष टीम आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए बनाई गई है। आज टाउनशिप क्षेत्र में भी पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया गया। साथ ही गदा चौक, अवंती बाई चौक, कुरूद रोड, गौशाला, आकाशगंगा, शांति नगर, वैशाली नगर, पावर हाउस फल मंडी आदि स्थानों से भी आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई की गई। टोल फ्री नंबर 1100 में भी संपर्क करके आवारा पशुओं को हटाने की कार्यवाही सालभर की जाती रही है। वर्षा ऋतु में खासकर आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान वृहद होता है। निगम ने 6 जुलाई से महा अभियान चलाना प्रारंभ कर दिया था तब से नियमित रूप से भिलाई शहर से आवारा पशुओं को पकड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आवारा पशुओं के चलते दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए आवारा पशुओं को पकड़ने का वृहद अभियान नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा किया जा रहा है। जगह-जगह बैठे हुए आवारा पशुओं को पकड़ कर उचित स्थान पर रखा जा रहा है।



## घर बैठे प्राप्त करें 1 रुपए शुल्क के साथ एक सेकंड में भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, निगम दफ्तर आने की आवश्यकता नहीं

भिलाई नगर/ 5000 वर्ग फुट तक के आवासीय प्लाट के लिए भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए निगम दफ्तर आने की आवश्यकता नहीं है घर बैठे ही ऑनलाइन भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है और वह भी महज 1 सेकंड में 1 रुपए शुल्क के साथ। ऐसे हितग्राही जो भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाह रहे हैं वह सीधे निगम के पंजीकृत वास्तुविद के माध्यम से समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ www.bpms.sudacg.in में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की यह योजना बेहद लाभकारी है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने इस योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों



# फिल्टरेशन प्रक्रिया देखने पहुंचे निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर फिल्टर प्लांट, पानी शुद्धता की प्रक्रिया देखी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के कमिश्नर लोकेश चंद्राकर सुबह 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट पहुंचे। निगम आयुक्त ने बारिश के दौरान फिल्टर प्लांट में पानी के शुद्धीकरण की जानकारी ली। उन्होंने प्रयोगशाला में देखा कि बारिश के दौरान शिवनाथ नदी से आने वाले पानी का शुद्धिकरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने फिल्टर प्लांट के सभी शुद्धीकरण संसाधनों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र में बरसात के दिनों में भी शुद्ध पेयजल प्रदाय करने का काम निगम द्वारा किया जा रहा है, बरसात को देखते हुए निगम के जल कार्य विभाग के अधिकारी शुद्ध पेयजल प्रदाय करने के लिए डटे हुए हैं। जोन क्षेत्रों से नियमित पानी की सेंपलिंग एकत्र कर परीक्षण की जा रही है, बरसात में विशुद्ध पानी पीने की वजह से जल जनित बीमारी न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता जल कार्य विभाग संजय शर्मा, सहायक अभियंता ब्रजेश श्रीवास्तव व उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजूद रहे।



# गोधन न्याय योजना के तहत गौठान को आजीविका का केंद्र बनाने, आजीविका मूलक गतिविधियों में इजाफा करने तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी से जोड़ने सभागार में मिला प्रशिक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज गोधन न्याय योजना के तहत विभिन्न विषय में प्रशिक्षक के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मेयर नीरज पाल, गोधन न्याय योजना के प्रभारी राजेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, सीजू एंथोनी, चंद्रशेखर गवई, नेहा साहू, मालती ठाकुर, लालचंद वर्मा, मीरा बंजारे, जोन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, राजेश चौधरी, जलंधर सिंह, समस्त जोन आयुक्त, नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, पार्षद इंजीनियर सलमान, अभिषेक मिश्रा, हरिओम तिवारी, सेवन कुमार, जगदीश कुमार तथा गौठान संचालन समिति के सदस्य आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। विस्तृत प्रशिक्षण प्रशिक्षक राजेश साहू के माध्यम से दिया गया। फूलों से साबुन, पोछा, फिनाइल, सेनेटरी पैड, अगरबत्ती निर्माण से लेकर सभी जरूरत की चीजें महिलाओं के द्वारा तैयार किया जा रहा है, मछली पालन से लेकर सब्जी व्यवसाय में महिलाएं अच्छा कार्य करते हुए आय अर्जित कर रही है।



# पोला पर सीमार्ट में ठेठरी खुरमी खरीदी मुख्यमंत्री ने

भिलाई नगर/ राज्य में उत्पादित बेहतरीन और अनूठी सामग्रियों के एक ही स्थान पर विक्रय की उपलब्धता की मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप दुर्ग जिले में सीमार्ट स्थापित हो गया है। आज भिलाई में इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। इस मौके पर उन्होंने सी-मार्ट का अवलोकन किया। यहां स्वसहायता समूहों की महिलाओं के उत्पाद देखे और उनसे चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप लोग अच्छी सामग्री बनाते हैं गुणवत्ता का ध्यान रखते हैं। अब आपको अपने उत्पादों के लिए बड़ा बाजार मिल गया है। आपको इसके अच्छे दाम भी मिलेंगे। इस मौके पर प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर भी उपस्थित थे। थकरघा और शबरी के उत्पाद भी- छत्तीसगढ़ का हस्तशिल्प शहरों में काफी बिकता है। सी-मार्ट में विविध वैरायटी के हथकरघा शामिल हैं। इसमें चांपा की कोसा साड़ी की अनेक वैरायटी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हथकरघा का संकलन बहुत अच्छा है। उत्पादकों को सी-मार्ट के रूप में अच्छा बाजार मिल जाएगा।

सीधे बाजार तक मिली पहुंच- मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर का निरीक्षण करने के बाद कहा कि हमारी एसएचजी समूह की महिलाओं का काम बहुत अच्छा है। इसकी झलक इस पूरे परिसर में दिख रही है। सी-मार्ट की स्थापना से अब इनकी पहुंच सीधे बाजार तक हो सकेगी। गुणवत्तायुक्त सामग्री किफायती दामों में मिलने से यहां बिक्री बढ़िया होगी।



# वैशाली नगर के प्रमुख मार्केट क्षेत्र का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर प्रतिदिन भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर जायजा ले रहे हैं इसी क्रम में उन्होंने आज वैशाली नगर के प्रमुख मार्केट क्षेत्र गोल मार्केट का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे बाजार क्षेत्रों में विशेष रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखें, क्योंकि अधिकतर मार्केट रात्रि कालीन लगते हैं और इसी दरमियान कचरा बिखेरने का संभावना अधिक होता है। बाजार क्षेत्रों में भी विशेष तौर पर दुकानदारों को समझाइश देने कि दुकान से निकलने वाले कचरे को वे एक जगह एकत्रित कर सफाई कर्मचारियों को देवे उन्होंने कहा। वैशाली नगर क्षेत्र में गोल मार्केट एक प्रमुख मार्केट क्षेत्र की गिनती में आता है। आयुक्त ने आज बाजार क्षेत्र के साथ-साथ मोहल्ले का भी निरीक्षण किया वहीं कई स्थानों पर अवैध पोस्टर लगे हुए पाए गए जिसे उन्होंने हटवाने के निर्देश दिए हैं। आज के निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह एवं विनोद गौतम आदि मौजूद रहे।




**Editorial Board**

श्री लोकेश चंद्राकर
रा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई